कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक: 878 / 62 / आउशि / शा–5'अ' / 2022 भोपाल, दिनांक 27 / 06 / 2022

प्रति,

1. कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यालय,मध्यप्रदेश।

2. प्राचार्य,
समस्त शासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / निजी अशासकीय महाविद्यालय,मध्यप्रदेश।

**विषय– अकादमिक कैलेंडर सत्र 2022–23 का पालन सुनिश्चित किये जाने बाबत।**

संदर्भ– मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग वल्लभ भवन, मंत्रालय का आदेश क्रमांक 330 / 46 / सीसी / 2022 / अड़तीस, भोपाल, दिनांक 15.05.2022

---0---

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय आदेश क्रमांक 330 / 46 / सीसी / 2022 / अड़तीस, भोपाल, दिनांक 12.05.2022 के द्वारा सत्र 2022–23 के लिये मध्यप्रदेश के शासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु प्रवेश नियम, मार्गदर्शी सिद्धांत, अकादमिक कैलेण्डर एवं ऑनलाइन प्रवेश समय–सारणी जारी की गई है।

अकादमिक कैलेण्डर सत्रं 2022–23 परिशिष्ट–1 के अनुसार स्नातकोत्तर प्रथम / तृतीय सेमेस्टर तथा परिशिष्ट–2 के अनुसार स्नातक प्रथम / द्वितीय / तृतीय वर्ष हेतु **शिक्षण कार्य 01 जुलाई 2022** से प्रारंभ किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 के आरंभ में **दिनांक 01.07.2022 से 09.07.2022 तक** महाविद्यालय में इण्डक्शन कार्यक्रम के साथ ही सेतु कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी अध्यादेश 14B में उल्लेखित अकादमिक संरचना, मेजर, माईनर, वैकल्पिक एवं व्यावसायिक विषय सहित प्रशिक्षुता / शिक्षुता / परियोजना कार्य / सामुदायिक जुड़ाव संबंधित पाठ्यक्रमों से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए इण्डक्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाए। संलग्न पी.पी.टी. के माध्यम से विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए।

इसके साथ ही स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए इण्डक्शन कार्यक्रम आयोजित कर पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए। स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए सेतु कक्षाओं का आयोजन कर पाठ्यक्रम एवं अकादमिक सत्र की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जाए।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी सत्र 2022–23 के अकादमिक कैलेण्डर का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

संलग्न : उपरोक्तानुसार
(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

27/6/22

(डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल.

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन

**क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2022/ 1418** **दिनांक :- 01/07/2022**

**प्रतिलिपि :-**

01. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी, समस्त अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
02. कुलानुशासक/विद्यार्थी कल्याण विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
03. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय विभाग,. विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
04. **प्रभारी ऑनलाईन सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।**
06. **प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन कृपया अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करें।**
06. कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**कुलसचिव**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

## स्नातक प्रथम वर्ष : उन्मुखीकरण कार्यक्रम हेतु पी.पी.टी.

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

के कस्तूरीरंगन (अध्यक्ष)
वसुधा कामत
मंजुल भार्गव
राम शंकर कुरील
टी.व्ही. कट्टीमनी
मजहर आशिफ
एम.के. श्रीधर
कृष्ण मोहन त्रिपाठी
शकीला टी. शमसू (सचिव)



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020


देश भर में क्रियान्वयन के लिए 29 जुलाई 2020 को भारत सरकार द्वारा अपनाया और अनुमोदित किया गया।

- भाग I. स्कूल शिक्षा (अध्याय 1-8)
- भाग II. उच्चतर शिक्षा (अध्याय 9-19)
- भाग III. अन्य प्रमुख क्षेत्र (अध्याय 20-24)
- भाग IV. मेक इट हैपन (अध्याय 25-27)

- 27 अध्याय और 66 पृष्ठ
- दीर्घकालिक - अल्पकालिक उपाय

3


## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020



## मुख्य विशेषताएं

1/2

- स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्क्रम
- च्वाईस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम
- बहुविषयक दृष्टिकोण
- रोजगारपरक व्यवसायिक पाठ्यक्रम
- बहुआगमन एवं निर्गमन की उपलब्धता
- व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने हेतु प्रथम वर्ष से ही इंटर्नशिप का प्रावधान



## मुख्य विशेषताएं

2/2

- परिणाम आधारित व्यावहारिक शिक्षा
- क्रेडिट हस्तांतरण की सुविधा
- शोध को प्रोत्साहन
- प्रत्येक विद्यार्थी को ऑनर्स पाठ्यक्रम करने का अवसर
- जीवन कौशल विकसित करना
- शारीरिक शिक्षा और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देना

## अकादमिक संरचना

- मुख्य विषय - 56 Credits
- गौण विपय - 26 Credits
- वैकल्पिक विषय - 18 Credits
- व्यवसायिक पाठ्यक्रम - 12 Credits
- आधार पाठ्यक्रम - 24 Credits
- फील्ड प्रोजेक्ट/इन्टर्नशिप/एप्रेन्टिसशिप/कम्यूनिटी इंगेजमेंट - 24 Credits

कुल क्रेडिट : = 160

## STRUCTURE : UG PROGRAM


| | | Own Faculty | | Any Faculty | Skill Enhancement Course | Ability Enhancement Course | Field projects/internship/ apprenticeship/ community engagement and service | Credits | | Qualification title (Credit requirement) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Subject I | Subject II | Subject III | | | | | | |
| | | Eligibility will have pre-requisites. | | | | | | | | |
| | Year | Major | Minor | Open Elective Course | Vocational Course | Foundation Course | Inter /Intra Faculty related to main Subject | Credit Distribution | Total Credits per year | |
| Level 5 | 1 | 2 (12 credits) 6 credit each | 1 (06 credits) | 1 (06 credits) | 1 (4Credits) | 2 (8Credits) 4 credit each | 1 (4Credits) | 12 + 6 +6 4+8+4 | 40 | (40) Undergraduate Certificate in Faculty |
| Level 6 | 2 | 2 (12 credits) 6 credit each | 1 (06 credits) | 1 (06 credits) | 1 (4Credits) | 2 (8Credits) 4 credit each | 1 (4Credits) | 12 + 6 +6 4+8+4 | 40 | (80) Undergraduate Diploma in Faculty |
| Total in 2 Years | | 24Credits | 12 Credits | 12 Credits | 08Credits | 16 Credits | 12 Credits | Credits are given in (in red). | Credits | |

## STRUCTURE : UG PROGRAM


| | | Own Faculty | | Any Faculty | Skill Enhancement Course | Ability Enhancement Course (CC) | Field projects/internship/ apprenticeship/ community engagement and service | Credits | | Qualification title (Credit requirement) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Subject I | Subject II | Subject III | | | | | | |
| | | Eligibility will have pre-requisites. | | | | | | | | |
| Year | | Major | Minor | Open Elective Course | Vocational Course | Foundation Course | Inter/Intra Faculty related to main Subject | Credit Distribution | Total Credits per year | |
| Level 7 | 3 | 2 (12 credits) 6 credit each DSE | 1 (06 credits) | 1 (06 credits) | 1 (4Credits) | 2 (8Credits) 4 credit each | 1 (4Credits) | 12 + 6 +6 4+8+4 | 40 | (120) Bachelor in Faculty |
| Level 8 | 4 | 2 (12 credits) 6 credit each 2 (08 credits) 4 credit each | 1 Research Methodology (4credits) 1 (4Credits) Undergraduate Thesis | | | | 1 (12Credits) (6+6) internship/apprenticeship related to main Subject | 18+6 +4+12 | 40 | (160) Bachelor (Honours/ Research) in faculty |
| Total in four years | | 56Credits | 26Credits | 18 Credits | 12Credits | 24 Credits | 24 Credits | | 160 Credits | |


Credits are given in (in red).

## क्रेडिट कोर्स संरचनाएं : स्नातक कार्यक्रम




Type 1 Type 2 Type 3 Type 4


बहुआगमन एवं निर्गमन
प्रथम वर्ष: सर्टिफिकेट
द्वितीय वर्ष: डिप्लोमा
तृतीय वर्ष: डिग्री
चतुर्थ वर्ष: डिग्री विथ रिसर्च
कुल क्रेडिट : (40 + 40 + 40 + 40) = 160


वैकल्पिक विषय (इलेक्टिव) की उपलब्धता
अंतर संकायी विषय के चयन हेतु प्रत्येक महाविद्यालय में विकल्प की उपलब्धता
मुख्य (चयनित संकाय से)
वैकल्पिक
गौण (चयनित संकाय से)
चयनित संकाय
अन्य संकाय
वाणिज्य
एन.सी.सी
एन.एस.एस
शारीरिक शिक्षा
कला
विज्ञान


## मुख्य, गौण एवं वैकल्पिक विषयों का चयन

❖ स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम मे मूल विषयों में से मेजर, माइनर एवं ओपन इलेक्टिव विषयों का चयन निम्न प्रकार से किया जाना है

उदाहरणार्थ

| विद्यार्थी को आवंटित संकाय | आवंटित समूह | मुख्य विषय | गौण विषय | वैकल्पिक विषय (कोई एक) |
|---|---|---|---|---|
| विज्ञान | गणित / रसायन / भौतिकी | गणित | रसायन | • भौतिकी (चयनित समूह से)<br>• वाणिज्य / कला / अन्य संकाय से सामान्य वैकल्पिक<br>• एनसीसी, एनएसएस एवं शारीरिक शिक्षा |
| वाणिज्य | वाणिज्य | मुख्य 1 और 2 (अनिवार्य) | गौण (अनिवार्य) | • वाणिज्य – 8 विकल्प (चयनित संकाय से) या<br>• ओपन इलेक्टिव कला/ अन्य /विज्ञान से<br>• एनसीसी, एनएसएस एवं शारीरिक शिक्षा |
| कला | तीन विषय | विषय - 1 | विषय - 2 | • विषय -3 कला संकाय से<br>• वाणिज्य / अन्य / विज्ञान से सामान्य वैकल्पिक<br>• एनसीसी, एनएसएस एवं शारीरिक शिक्षा |

## वैकल्पिक विषय (इलेक्टिव) की उपलब्धता



## वैकल्पिक (इलेक्टिव) विषय 1/2

| Arts | |
|---|---|
| 1. मध्यप्रदेश के लोक नृत्यों का सामान्य परिचय | 14. भारतीय संगीत का सामान्य अध्ययन |
| 2. धन और बैंकिंग का अर्थशास्त्र | 15. मध्यप्रदेश की संगीत विरासत |
| 3. भारतीय अर्थव्यवस्था-एक परिचय | 16. श्री रामचरित मानस का दार्शनिक चितंन |
| 4. संगठनात्मक व्यवहार | 17. लोक प्रशासन : सिद्धांत एवं व्यवहार |
| 5. कम्युनिकेटिव अंग्रेजी | 18. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था |
| 6. भौतिक भूगोल | 19. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन |
| 7. पर्यावरणीय मुद्दे और आपदा प्रबंधन | 20. समाजशास्त्र का परिचय |
| 8. हिन्दी अनुप्रयोग और विज्ञापन व्यवसाय | 21. भारत का समाजशास्त्र |
| 9. भारत में विरासत प्रबंधन | 22. मध्यप्रदेश में उर्दू ग़ज़ल |
| 10. भारत का संवैधानिक इतिहास | 23. उर्दू जबान और मुख्तलिफ़ असनाफ़ |
| 11. चिकित्सा और स्वास्थ्य पर्यटन | 24. प्राथमिक उपचार, नर्सिंग और हाईजीन |
| 12. रंगाई और छपाई | 25. हाउस कीपिंग एण्ड हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेन्ट |
| 13. बाल अधिकार और महिला सशक्तिकरण | 26. भगवत गीता का वर्तमान सन्दर्भ |

## वैकल्पिक (इलेक्टिव) विषय 2/2

| Science | |
|---|---|
| 1. हर्बल प्रसाधन सामग्री | 11. रंगाई और छपाई |
| 2. नर्सरी प्रबंधन | 12. बाल अधिकार और महिला सशक्तिकरण |
| 3. दैनिक जीवन में रसायन शास्त्र | 13. लॉजिक और सेट |
| 4. औषधीय रसायन के मूल सिद्धांत | 14. मैट्रिक्स, ज्यामिति और वेक्टर बीजगणित |
| 5. कम्प्यूटर फंडामेंटल | 15. गैर पारंपरिक ऊर्जा संसाधन |
| 6. एमएस ऑफिस | 16. मानव रोग |
| 7. मल्टी मीडिया और एनिमेशन | 17. मधुमक्खी पालन |
| 8. स्प्रेडशीट के माध्यम से डेटा विश्लेषण और विज़अलाइज़ेशन | 18. रेशम उत्पादन |
| 9. भूविज्ञान के तत्व | 19. प्राथमिक उपचार, नर्सिंग और हाइजीन |
| 10. खनिज और चट्टानें | 20. हाउस कीपिंग एण्ड हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेन्ट |


| Commerce | Other |
|---|---|
| 1. व्यवसाय अध्ययन के आधारभूत सिद्धांत | 1. एनसीसी |
| 2. लेखांकन का मूल सिद्धांत | 2. एनएसएस |
| 3. भारत में बैंकिंग संस्थाएं | 3. शारीरिक शिक्षा |
| 4. मुद्रा एवं बैंकिंग | |
| 5. व्यवसायिक संगठन एवं प्रबंधन | |

## व्यावसायिक शिक्षा की पुनर्कल्पना

उच्च शिक्षा में, सामान्य शिक्षा के साथ कौशल और व्यावसायिक शिक्षा एकीकृत की गई है।

**व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम**

शिक्षकों को अध्यापन कार्य हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना



**भारतीय कला कारीगरी और शिल्प को प्रोत्साहन**

लोक विद्या को बढ़ावा

**कौशल प्रयोगशाला की स्थापना**

शिक्षण संस्थानों में कौशल संवर्धन के लिए कौशल प्रयोगशालाएँ स्थपित करना

**इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना**


स्टार्ट -अप्स को प्रोत्साहित करने हेतु इन्क्यूबेशन सेंटर्स की स्थापना

**शिक्षा संस्थानों से सहयोग**

उच्च शिक्षा संस्थान (HEI) आईटीआई, पॉलिटेक्निक, उद्योग के साथ सहयोग

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम

**व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रतिवर्ष 4-4 क्रेडिट**



**प्रशिक्षण की अवधि 60 घण्टे**

- विद्यार्थी विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये समूह (पूल) में से प्रतिवर्ष नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सकते हैं अथवा चयनित किये पाठ्यक्रम में उत्तरोत्तर कौशल संर्वधन के आधार पर अध्ययन कर सकते हैं।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम 1/2

| | |
|---|---|
| 1 | सौंदर्य और स्वास्थ्य कल्याण (Beauty and Wellness) |
| 2 | औषधीय पौधे (Medicinal Plants) |
| 3 | पोषण और आहार विज्ञान (Nutrition and dietetics) |
| 4 | निर्यात आयात प्रबंधन (Export Import Management) |
| 5 | जीएसटी के साथ ई-एकाउंटिंग और कराधान (E-Accounting and Taxation with GST) |
| 6 | वित्त सेवाएं और बीमा (Finance Services and Insurance) |
| 7 | खुदरा प्रबंधन (Retail Management ) |
| 8 | डिजिटल मार्केटिंग (Digital Marketing) |
| 9 | बिक्री कौशल (Salesmanship) |
| 10 | एकाउंटिंग और टैली (Accounting and Tally) |
| 11 | डिस्कटॉप प्रकाशन (डीपीटी) (Desktop Publishing DTP ) |
| 12 | वेब डिजाइनिंग (Web Designing) |
| 13 | विद्युत प्रौद्योगिकी (Electrical Technology ) |
| 14 | इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी (electronic technology) |
| 15 | हस्तशिल्प (Handicrafts) |

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम 2/2

| | |
|---|---|
| 16 | खाद्य संरक्षण और प्रसंस्करण (Food Preservation and Processing) |
| 17 | जैविक खेती (Organic Farming) |
| 18 | बागवानी (Horticulture) |
| 19 | सुरक्षा सेवाएं (Security Services) |
| 20 | कार्यालय प्रक्रिया और व्यवहार (Office Procedure and Practices ) |
| 21 | व्यक्तित्व विकास (Personality Development) |
| 22 | पर्यटन परिवहन और यात्रा सेवाएं (Tourism transport and travel services) |
| 23 | वर्मी कम्पोस्टिंग (Vermicomposting) |
| 24 | डेयरी प्रबंधन (Dairy Management) |
| 25 | चिकित्सा निदान (Medical Diagnostics ) |
| 26 | मृदा विज्ञान एवं उर्वरक (Soil Science and Fertilizers) |
| 27 | कृषि विपणन (agricultural marketing) |
| 28 | पादप रोग एवं रक्षण (Plant Diseases and Protection) |
| 29 | सूचना प्रौद्योगिकी (Information Technology) |
| 30 | बेकरी और कन्फेक्शनरी (Bakery & Confectionery) |

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम का चयन

- विद्यार्थी को महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये पाठ्यक्रमों से ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम का चुनाव करना होगा।
- यदि विद्यार्थी महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गये व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से अध्ययन न करके किसी अन्य पाठ्यक्रम को अपनी रुचि एवं ज्ञान के आधार पर अध्ययन करना चाहता है तो उसे भारत सरकार के SWAYAM पोर्टल पर उपलब्ध निर्धारित पाठ्यक्रमों में से महाविद्यालय से अनुमति प्राप्त कर स्वयं के व्यय से यह पाठ्यक्रम पूर्ण करना होगा।

## ऑनलाइन व्यावसायिक पाठ्यक्रम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम / मार्गदर्शी सिद्धान्त





- स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों को प्रस्तावित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन SWAYAM Portal के माध्यम से स्वयं के संसाधन से अध्ययन करने का विकल्प भी उपलब्ध होगा।
- ऑनलाइन पाठ्यक्रमों द्वारा अर्जित क्रेडिट को उपाधि में मान्यता होगी । विद्यार्थी निर्धारित क्रेडिट या उससे अधिक क्रेडिट के पाठ्यक्रम का ऑनलाइन अध्ययन कर सकेगा। उसके द्वारा अर्जित क्रेडिट को ग्रेड कार्ड में भी प्रदर्शित किया जाएगा।

## फील्ड प्रोजेक्टस् / इंटर्नशिप / शिक्षुता / सामुदायिक जुड़ाव और सेवा

प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष

किसी एक का चयन

04 क्रेडिट





चतुर्थ वर्ष

विषय आधारित इंटर्नशिप / शिक्षुता का चयन

12(6+6) क्रेडिट


## कौशल संवर्धन डेस्क का स्वरूप



## परियोजना कार्य / शिक्षुता / प्रशिक्षुता / सामुदायिक जुड़ाव पाठ्यक्रम

- **परियोजना कार्य** : विद्यार्थी ने यदि परियोजना कार्य का चयन किया है तो उसे किसी महाविद्यालयीन शिक्षक के मार्गदर्शन में परियोजना कार्य करना होगा।
- **प्रशिक्षुता/ शिक्षुता** : यदि विद्यार्थी ने प्रशिक्षुता/ शिक्षुता के विकल्प का चयन किया है तो उसे किसी मान्यता प्राप्त फर्म/ संस्थान से यह गतिविधि पूर्ण करना होगी।
- **सामुदायिक जुड़ाव** : ऐसे विद्यार्थी जिनको सामुदायिक जुड़ाव के कार्यक्रम / गतिविधियों में अध्ययन करना है तो उसे किसी मान्यता प्राप्त, शासकीय / अशासकीय संस्था / पंजीकृत स्वयंसेवी / गैर शासकीय संगठन (NGO) के साथ जुड़कर या व्यक्तिश: सेवा-अध्ययन करना होगा।

## आधार पाठ्यक्रम



- आधार पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं ततीय वर्ष में संचालित होंगे।
- आधार पाठयक्रम में 2 प्रश्नपत्र 4-4 क्रेडिट के होंगे।
- प्रत्येक प्रश्न पत्र में 2-2 क्रेडिट के दो भाग होंगे।
- इस तरह विद्यार्थी दोनों प्रश्न पत्रों को मिलाकर कुल चार योग्यता संवर्धन विषयों का अध्ययन प्रतिवर्ष करेगा।
- इन 4 प्रश्न पत्रों के समूह में से विद्यार्थी अनिवार्य विषयों हिंदी एवं अंग्रेजी के अलावा 2 प्रश्न पत्रों का अध्ययन कर सकेगा।
- आधार पाठ्यक्रम के प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ पद्धति पर आधारित होंगे। इसमें प्रत्येक वर्ष 100 -100 अंक दो प्रश्नपत्र होंगे। आतंरिक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं होगा।

## आधार पाठ्यक्रम

| वर्ष | प्रश्न पत्र | विषय | अंक | क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | प्रथम | हिन्दी | 50 | 2–2=4 |
| | | अंग्रेजी | 50 | |
| | द्वितीय | पर्यावरण अध्ययन (Environment Studies ) | 50 | 2–2=4 |
| | | योग एवं ध्यान (Yoga & Meditation) | 50 | |
| द्वितीय | प्रथम | हिन्दी | 50 | 2–2=4 |
| | | अंग्रेजी | 50 | |
| | द्वितीय | स्टार्टअप्स एवं उद्यमिता (Startups & Entrepreneurship) | 50 | 2–2=4 |
| | | महिला सशक्तिकरण (Women Empowerment) | 50 | |
| तृतीय | प्रथम | हिन्दी | 50 | 2–2=4 |
| | | अंग्रेजी | 50 | |
| | द्वितीय | डिजिटल जागरूकता (Digital Awareness) | 50 | 2–2=4 |
| | | व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण (Personality Development and Character Building) | 50 | |

## पाठ्यक्रम: भारतीय पारम्परिक ज्ञान एवं रोजगारपरक जानकारी

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में स्नातक स्तर पर लागू पाठ्यक्रम आउटकम बेस्ड है। सभी पाठ्यक्रमों में कोर्स लर्निंग आउटकम को शामिल किया गया है।
- पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा, मध्यप्रदेश की पुरासम्पदा, ऐतिहासिक साक्ष्य, सुप्रसिद्ध रचनाकार, साहित्यकार, शास्त्रीय घराने, गणितज्ञ, वैज्ञानिक, समाजशास्त्री, मनोवैज्ञानिक से संदर्भित जानकारियों को सम्मिलित किया गया हैं।
- पाठ्यक्रम में आधुनिक संसाधनों के माध्यम से विषय के अध्ययन को सुलभ करने के प्रयास किये गए हैं।

## पाठ्यक्रम: संरचना

- खंड अ – सामान्य जानकारी एवं लर्निंग आउटकम
- खंड ब – पाठ्यक्रम का विवरण
- खंड स – अनुशंसित पाठ्य सामग्री एवं वेबलिंक्स
- खंड द – मूल्यांकन सम्बन्धी जानकारी

## मूल्यांकन पद्धति




**सैद्धांतिक परीक्षा**

- आन्तरिक मूल्यांकन : 30 अंक
- मुख्य लिखित परीक्षा : 70 अंक

कुल 100 अंक


**प्रायोगिक परीक्षा**

- आन्तरिक मूल्यांकन : 30 अंक
- बाह्य मूल्यांकन : 70 अंक

कुल 100 अंक

"कागज बचाओ, पेड़ बचाओ, पृथ्वी बचाओ"

## ग्रेड कार्ड




प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष / सेमेस्टर के बाद अर्जित ग्रेड के आधार पर सभी छात्रों को ग्रेड कार्ड जारी किए जाएंगे। उस शैक्षणिक वर्ष तक अर्जित सीजीपीए के साथ प्रत्येक वर्ष / सेमेस्टर में प्राप्त एजीपीए / एसजीपीए और पाठ्यक्रम विवरण (कोड, शीर्षक, क्रेडिट की संख्या, ग्रेड) को ग्रेड कार्ड में प्रदर्शित किया जाएगा।

## 10 - पॉइंट ग्रेडिंग स्केल

| Letter Grade | Grade Points | Description | Range of Marks (%) |
|---|---|---|---|
| O | 10 | Outstanding | 90-100 |
| A+ | 9 | Excellent | 80-89 |
| A | 8 | Very good | 70-79 |
| B+ | 7 | Good | 60-69 |
| B | 6 | Above Average | 50-59 |
| C | 5 | Average | 40-49 |
| P | 4 | Pass | 35-39 |
| F | 0 | Fail | 0-34 |
| Ab | 0 | Absent | Absent |

## एनुअल ग्रेड पॉइंट एवरेज (एजीपीए) की गणना

| Course | Credits (C) | Grade | Grade Point (GP) | Credit Points (C x GP) | AGPA (Total Credit Point / Total Credit) |
|---|---|---|---|---|---|
| Course 1 | 6 | A | 8 | 48 | 276/40 = 6.90<br><br>Annual Grade Point Average (वार्षिक ग्रेड प्वाइंट औसत -एजीपीए), एक वर्ष में छात्र के प्रदर्शन की गणना है। |
| Course 2 | 6 | C | 5 | 30 | |
| Course 3 | 6 | B+ | 7 | 42 | |
| Course 4 | 6 | O | 10 | 60 | |
| Course 5 | 4 | B | 6 | 24 | |
| Course 6 | 4 | P | 4 | 16 | |
| Course 7 | 4 | A+ | 9 | 36 | |
| Course 8 | 4 | C | 5 | 20 | |
| TOTAL | 40 | | - | 276 | |

## क्युमुलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज (सीजीपीए) की गणना

| Year | Credits | AGPA | Credits x AGPA | CGPA |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40 | 7.50 | 300.00 | CGPA = Total (Credits x AGPA) / Total Credits<br><br>CGPA = 1229.60 / 160<br>= 7.685<br>= 7.69 (roundoff)<br><br>समस्त वर्ष में छात्र के द्वारा पूर्ण किए गए समस्त पाठ्यक्रमों के क्रेडिट का योग है। |
| 2 | 40 | 7.58 | 303.20 | |
| 3 | 40 | 7.32 | 292.80 | |
| 4 | 40 | 8.34 | 333.60 | |
| **Total** | **160** | | **1229.60** | |



धन्यवाद